तापमान
38.5° 21.6°
अधिकतम न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in रविवार 07 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 348 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने पार्टी मुख्यालय में झामुमो पर साधा निशाना**

# आलोक जब बता रहे थे कि अभिषेक प्रसाद पिंटू भागे-भागे फिर रहे हैं उस वक्त पिंटू झामुमो के कैंप कार्यालय में कल्पना सोरेन के साथ मौजूद थे

प्रवीण कुमार। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक शनिवार दोपहर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में थे. झारखंड मुक्ति मोर्चा पर आरोपों की झड़ी लगा रहे थे. बता रहे थे कि झामुमो के महासचिव व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू सरकारी गवाह बन गये हैं. हेमंत सोरेन ने अपने बचपन के दोस्त पिंटू को भी नहीं छोड़ा. उसकी जान के पीछे पड़ गये हैं. वे भागे-भागे फिर रहे हैं. जो आदमी बचपन के दोस्त को


प्रेस कांफ्रेस करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक

नहीं छोड़ रहा है, वह राज्य को क्या छोड़ेगा? लेकिन जिस वक्त प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक झामुमो पर आरोप लगा रहे थे,पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को कठधरे में खड़ा कर रहे थे, उस वक्त उनकी पार्टी ऑफिस से आधा-एक किलोमीटर की दूरी पर झामुमो के कैंप कार्यालय में अभिषेक प्रसाद पिंटू मौजूद थे. उस वक्त पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रही थीं और पिंटू भी उनके साथ ही थे. पार्टी महासचिव होने के नाते कार्यकर्ताओं से मिल रहे थे और 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की रैली को सफल बनाने की तैयारी में जुटे थे.

## पिंटू को किससे धमकी मिल रही, किससे सुरक्षा मांगी पता नहीं, पर आलोक जी ने लगाई अतिरिक्त सुरक्षा देने की गुहार

### ...पर इसका कोई पुख्ता आधार नहीं है

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के साथ मीडिया सेल के प्रभारी शिवपूजन पाठक भी थे. आलोक मीडिया से बात कर रहे थे. बता रहे थे कि हेमंत सोरेन ने अपने बचपन के दोस्त पिंटू को भी नहीं छोड़ा. भाजपा कार्यालय में मौजूद पत्रकारों ने अजय आलोक से सवाल किया. पूछा कि आपको कैसे पता कि अभिषेक प्रसाद पिंटू को जान का खतरा है और वे भागे-भागे फिर रहे हैं, तो आलोक ने कहा है कि इसका कोई पुख्ता आधार नहीं है.आधार नहीं, फिर भी बोले- पिंटू को धमकियां मिल रही हैं,वे भागे फिर रहे हैं, ईडी से सुरक्षा की गुहार लगाई है. उन्होंने कहा कि जो भी भेद खोलेगा, उसको जान का खतरा हो जाएगा. सत्ता का संचालन शहाबुद्दीन की तरह जेल से हो रहा है.

### बता न पाये-पिंटू को आखिर किससे धमकी मिल रही है

भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक की बातों को अनर्गल प्रलाप बताते हुए झामुमो ने भी करारा जवाब दिया. वैसे आलोक ने यह नहीं बताया कि अभिषेक ने ईडी से सुरक्षा की गुहार लगायी है, तो उन्हें इसकी जानकारी कैसे मिली. क्या पिंटू ने उनसे बताया या ईडी के अफसरों ने. आलोक के अनुसार पिंटू भागे-भागे फिर रहे हैं, तो वे ठीक उसी वक्त पार्टी ऑफिस में कैसे थे. पार्टी के लोगों से कैसे मिल रहे थे. पिंटू को धमकियां किससे मिल रही है, यह भी स्पष्ट नहीं कर सके.

### बोले आलोक-हेमंत जी में लालूजी की आत्मा धुस आई है

भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक यहीं नहीं रुके. उन्होंने राज्य सरकार से अपील भी की, कहा- पिंटू को अतिरिक्त सुरक्षा दी जाए. वैसे अभिषेक प्रसाद पिंटू ने सरकार से या ईडी से किसी तरह की सुरक्षा मांगी हो, इसकी कोई जानकारी नहीं. लेकिन भाजपा के प्रवक्ता न जाने कैसे और किस जानकारी के अधार पर ये दावा कर रहे हैं, ये तो वहीं जानें. प्रवक्ता ने कहा कि साढ़े आठ एकड़ जमीन की तरह न जाने कितनी जगहों पर हेमंत सोरेन की जमीन होगी. लेकिन कोई ब्योरा नहीं दिया कि कहां-कहां उनकी जमीन है. यह भी कहा कि आज हेमंत सोरेन में लालूजी की आत्मा घुस गयी है. वे नाखून कटा कर शहीद होने की बात कर रहे हैं.

---

## ब्रीफ खबरें

### 15 लाख के गांजा के साथ नशे के तीन सौदागर गिरफ्तार हुए

**चौपारण।** चौपारण पुलिस ने नशे के अवैध करोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल, हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र दादपुर गांव स्थित एक घर में अवैध गांजा को छिपा कर रखा गया है. इसके बाद बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के साथ गठित पुलिस टीम ने दादपुर गांव में छापेमारी की. इस क्रम में गांव के उदय कुमार सिन्हा, अशोक दांगी एवं हिरामण रजक, तीनों के घर की तालाशी ली गई. इस दौरान घर के अंदर छिपा कर रखे गए 28.2 किलो गांजा बरामद किए गए.

### ब्राउन शुगर बेचने आया युवक गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर की बिक्री करने आये युवक को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रातू थाना क्षेत्र के नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रंजन यादव नामक युवक को पकड़ा है. पुलिस ने उसके पास से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बरामद की. पुलिस ने नवासोसो स्थित लीची बगीचा के समीप चेकिंग के दौरान सशस्त्र बल के सहयोग से रंजन यादव गिरफ्तार किया. तलाशी लेने पर उसके पास से 22 पुड़िया (4.86 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया.

### पलामू टाइगर रिजर्व में फिर से दिखा बाघ



**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक बार फिर से एक बाघ की तसवीर ट्रैप कैमरा में कैद हुइ है. इस बार का यह बाघ विशाल और बुलंद है. बता दें कि पीटीआर के जंगलों में चार बाघों का होने का अनुमान है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगल में 100 से अधिक कैमरा ट्रेप लगाया गया है. बाघ को मौजूदगी वाले इलाके में कैमरा लगाने का सकारात्मक परिणाम मिल रहा है.

---

**गोशाला न्यास समिति के अजब-गजब कारनामे**

**अपना काम बनता, भाड़ में जाए संस्था फायदा देख, पाला बदल लेते हैं ट्रस्टी**




# ...ताकि हर समय कायम रहे वर्चस्व

राजन बॉबी। रांची

गोशाला का आजीवन सदस्य बना कर भी मान्यता नहीं देने से आहत लोग गोलबंद होकर कार्यकारिणी समिति पर जबर्दस्त हमला कर रहे हैं. गोशाला, हरमू रोड में शुक्रवार को कार्यकारिणी की हुई बैठक में 14 अप्रैल को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है, लेकिन यह बात किसी को भी ठीक नहीं लग रहा है. इसको लेकर पीड़ित 110 लोग खासे नाराज हैं. माननीयों के कारनामों का पिटारा खोल उनकी कारगुजारियां सामने ला रहे हैं. पीड़ितों का कहना है कि ट्रस्टी और पदाधिकारियों ने गोशाला का बेड़ा गर्क कर दिया है. कौड़ी के भाव गोशाला की जमीन बेच दी. कम किराये पर डीएवी स्कूल को जमीन लीज पर दे दी. अपना काम बनता रहे, भांड़ में जाए संस्था, माननीयों पर यह जुमला एकदम फिट बैठता है. जब सदस्यों को मान्यता देने का मामला कोर्ट में लंबित है, तो ऐसे में चुनाव कराना किसी भी तरह से जायज नहीं है. यह सरासर हिटलरशाही है. इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**तानाशाही का लगाया आरोप :** सदस्य बताते हैं कि ट्रस्टी चेयरमैन वर्चस्व बनाए रखने के लिए तानाशाही करने से नहीं हिचकते हैं. फायदा देख झट पाला भी बदल लेते हैं. अपनी बादशाहत कायम रखने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं. जालान साहब को तो इसमें महारत हासिल है. आहत सदस्य बताते हैं कि फायदा देख अपने भाइयों को ही सदस्यता दे दी, जबकि दोनों भाई कभी गोशाला में झांकने भी नहीं आते. इनके अलावे कइयों को अपने पावर से ट्रस्टी भी बनवाया, लेकिन जब हमारी बारी आयी, तो दस तरह का बहाना बना कर मान्यता नहीं दे रहे. गौशाला के एक सदस्य नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि वर्षो गोशाला में सेवा देने के बाद भी उन्हें ट्रस्टी नहीं बनाया गया, जबकि सतीश तुलस्यान, जिन्होंने कभी गोशाला में कदम भी नहीं रखा, उन्हें ट्रस्टी बना दिया गया.

### गोशाला को पाकेटिया संस्था बनाना ठीक नहीं : प्रभात मोदी

प्रभात कुमार मोदी का साफ कहना है कि गोशाला सामाजिक संस्था है, इसे पाकेटिया संस्था बनाना ठीक नहीं. 110 सदस्यों को मान्यता नहीं देना गलत फैसला है. मोदी बताते हैं कि जिसका उन्होंने फार्म भरा उसे सदस्य बना लिया, पर हमें नहीं बनाया. उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार से उनके घनिष्ट संबंध हैं. अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया है कि आगे जब भी सदस्य बनाया जाएगा, तो उन्हें जरूर मौका दिया जाएगा. मोदी ने बताया कि उनके आश्वासन के खिलाफ नहीं जा सकता. इस कारण गोशाला की ओर से भेजा गया सदस्यता शुल्क का चेक बैंक में डलवा दिया है.

### दिवंगत ट्रस्टी के फैसले का सभी को सम्मान करना चाहिए : अनिल जालान

अनिल जालान बताते हैं कि 110 सदस्यों को मान्यता नहीं देकर दिवंगत ट्रस्टियों की आत्मा को ठेस पहुंचा रहे हैं. पूर्व



ट्रस्टी चेयरमैन ज्ञान प्रकाश बुधिया और ट्रस्टी चर्तुभुज खेमका के फैसले का सम्मान करते हुए सभी को मान्यता दी जानी चाहिए. जालान बताते हैं कि यदि सदस्य बनाये जाने में किसी तरह की गलती भी हुई है, तो उसे सुधारा जाना चाहिए. कोई बाहर के व्यक्ति तो हैं नहीं. सभी समाज के ही लोग हैं, फिर सदस्यता देने में आना-कानी करना ठीक नहीं है. वर्ष 2019 में बनाये गये सभी सदस्य गणमान्य हैं. किसी पर भी किसी तरह का दाग नहीं है, यदि गलत व्यक्ति होते और उन्हें सदस्यता नहीं दी जा रही होती, तो और बात होती. इस मसले का समाधान विवेक पूर्वक करना चाहिए. इस विवाद से किसी का भला तो हो नहीं हो रहा, उल्टे संस्था का बंटाधार हो जा रहा है.

### वर्चस्व के लिए चुनाव का गलत फैसला ले रहे पदाधिकारी : बेनी

सदस्य बना कर भी मान्यता नहीं देने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटा चुके बेनी प्रसाद



अग्रवाल बताते हैं कि न्यास समिति के ट्रस्टी और पदाधिकारी वर्चस्व के मद में चुनाव कराने का गलत फैसला ले रहे हैं. अपनी पसंद के लोगों व रिश्तेदारों को सदस्य इसलिए बनाये हुए हैं, ताकि समिति में उनकी चलती रहे. अपने लोग सदस्य रहेंगे, तो वे जो चाहेंगे करा लेंगे. दूसरों को सदस्य बना दिया, तो वे उनकी सुनेंगे या नहीं, इसमें संदेह रहता है. इसलिए ट्रस्टी और पदाधिकारी जल्दी दूसरों को सदस्य बनाने में दिलचस्पी नहीं लेते. उनकी प्राथमिकता में अपने लोगों को ज्यादा से ज्यादा से सदस्य बनाना होता है, ताकि वे अपनी मर्जी के अनुसार फैसले ले सकें.

---

**राज्यपाल ने जताई आपत्ति, चौथी बार लौटाया वित्त विधेयक**

# संशोधन और प्रावधान में केंद्र सरकार के अधिकार में है हस्तक्षेप : राधाकृष्णन

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने चौथी बार वित्त विधेयक को लौटा दिया है. विधयेक पर आपत्ति जताते हुए कहा



है कि इसके संशोधन और प्रावधान में केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप है. राज्य सरकार ने जो प्रावधान व संशोधन किये हैं, यह उनके अधिकार क्षेत्र का नहीं है. प्रावधान रखने या संशोधन करने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है. विधेयक लौटाने से पूर्व राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल से राय भी ली थी. इससे पहले भी राज्यपाल ने तीन दफा झारखंड वित्त विधेयक-2022 आपत्ति के साथ लौटा दिया था.

**इन बिंदुओं पर है आपत्ति**

- **कस्टम बांड केंद्रीय सूची में शामिल है. इसमें किसी तरह का बदलाव करना राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के बाहर है.**
- यह देश के अटॉर्नी जनरल और इंडियन बार एक्ट से प्रभावित है. यह मामला अटॉर्नी जनरल, एडवोकेट और इंडियन बार काउंसिल से जुड़ा हुआ है. इससे जुड़े किसी भी प्रावधान को राज्य सरकार नहीं बदल सकती है.
- **केंद्र सरकार के अधिकार में हस्तक्षेप है. भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 तथा बिहार मनोरंजन ड्यूटी, कोर्ट फीस और मुद्रांक अधिनियम 1948 में संशोधन के लिए विधेयक तैयार किया गया है.**

**क्या है पूरा मामला :** बताया जाता है कि राज्यपाल ने इस विधेयक पर अटॉर्नी जनरल से भी राय ली थी. बता दें कि सबसे पहले तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने विधेयक के हिंदी एवं अंग्रेजी प्रारूप में भिन्नता के कारण तथा दूसरी बार बिना विधानसभा से दोबारा पारित किए जाने के कारण लौटा दिया था. तीसरी बार उन्होंने राज्य सरकार को विधि विभाग से यह राय लेकर विधेयक भेजने को कहा था कि यह राज्य सूची में आता है या नहीं. यह विधेयक भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899, बिहार मनोरंजन ड्यूटी, कोर्ट फीस तथा मुद्रांक अधिनियम, 1948 (झारखंड में यथा योग्य लागू) में संशोधन को लेकर तैयार किया गया है.

---

**सुगम होगा यातायात : सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शुरू**

# डस्ट और धूल से मिलेगी निजात

प्रमुख संवाददाता। रांची

शहर के सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शनिवार से शुरू हो गया है. जुडको की एजेंसी नागार्जुना कंस्ट्रक्शन ने रोड पर पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया था. पाइप बिछाने के बाद रेस्टोरेशन के लिए मिट्टी बैठने और हाइड्रो परीक्षण का काम तकनीकी रूप से पूरा होने के बाद सड़कों को सुधारने का काम शुरू किया गया है. उल्लेखनीय है कि पाइप बिछाये जाने के बाद ऊपर डस्ट डालने के कारण आम लोगों को परेशानी हो रही थी.




सर्वप्रथम रेस्टोरेशन का काम जेल मोड़ से आरंभ किया गया है. इसका कालीकरण कर सड़क को पुराने स्वरूप में लाया जाएगा. जेल मोड़ से लालपुर तक 900 मीटर की सड़क पर पहले डीबीएम डाला गया है, डीबीएम पर बिटुमिनस लेयर अथवा कालीकरण एक सप्ताह बाद शुरू किया जाएगा. इससे डस्ट और धूल से निजात मिल पाएगी. इस बीच लालपुर से कोकर रोड पर रेस्टोरेशन के लिए डस्ट हटाकर डब्ल्यूएमएम व जीसीबी या गिट्टी बिछाने व उसे भिगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है. जल्द ही इस क्षेत्र में भी डीबीएम का काम शुरू किया जाएगा.

---

## उफ्फ ! ये गर्मी...





**राजधानी में होने लगा भीषण गर्मी का अहसास:** दिन में सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा.

---

## एचईसी अधिकारियों ने किया कार्य बहिष्कार

संवाददाता। रांची

एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले एचईसी के अधिकारियों ने शनिवार सुबह धुर्वा गोल चक्कर व एचईसी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया. अधिकारियों का कहना था कि एचईसी भारत सरकार का उपक्रम हैं और भारत सरकार से हमको हमारी कंपनी को सुचारू रूप से चलाने की गारंटी, यहां कार्यरत समस्त कर्मचारियों के रोजगार की गारंटी एवं



हमारे परिवार के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी चाहिए. अधिकारियों ने भेल प्रबंधन द्वारा एचईसी को चलाने के विरोध में अपने कार्यों का बहिष्कार कर दिया. उनका कहना है कि जब तक राउरकेला से आये 23.4 करोड़ से वेतन भुगतान नहीं होगा, सीएमडी व निदेशकगण मुख्यालय नहीं आएं.


---

## वृद्धा की टांगी से काटकर हत्या

- एक घायल, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र के चेटे कुम्भा टोली में वृद्धा की टांगी से काट कर हत्या कर दी गयी. यह घटना शनिवार सुबह की बतायी जा रही है. वृद्धा की पहचान बिरसी मिर्धा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, भरत मिर्धा नाम के व्यक्ति ने अपने पड़ोसी वृद्धा बिरसी मिर्धा की टांगी से मार कर हत्या कर दी. इस घटना में बीच-बचाव करने आयी

**आपसी विवाद में घटना को दिया गया अंजाम**



वृद्धा की पोती घायल हो गयी. घटना को अंजाम देकर आरोपी मा जंगल की ओर भाग गया. लेकिन पुलिस की टीम ने आरोपी को धर दबोचा.

---

**पर्व-त्योहार** इस बार मां का आगमन अमंगलकारी, लेकिन प्रस्थान मंगलकारी

# चैत्र नवरात्र नौ से, आशीष बरसाने घोड़ पर आ रहीं मां

राजन बॉबी। रांची

मां आदि शक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है. भक्तों पर आशीष बरसाने मां इस बार घोड़े पर आ रही हैं. मंगलवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की जाएगी. साथ ही चहुंओर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का साम्राज्य स्थापित हो जाएगा. नौ दिनों तक श्रद्धालु आदिशक्ति मां दुर्गा की भक्ति में रमे रहेंगे. सात्विक जनों को अभय दान देने वाली मां के विविध स्वरूपों की पूजा-अर्चना घरों में तो की ही जाएगी, शहर के विभिन्न मंदिरों में भी नवरात्रोत्सव की धूम रहेगी. कहीं पूजा-पाठ तो कहीं भजन-संकीर्तन का क्रमवार सिलसिला चलेगा. व्रत-उपवास धारण कर व्रतधारी सात्विक और पूर्ण समर्पण भाव से मां को रिझाएंगे.

### नौ को मिल रही उदयातिथि में प्रतिपदा



आचार्य अजय मिश्र बताते हैं कि चैत्र प्रतिपदा उदयातिथि में नौ अप्रैल को मिल रही है. इस कारण इसी दिन घट स्थापना करना शास्त्रसम्मत होगा. इसी दिन हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी जाएगी. उन्होंने बताया कि इस बार नवरात्रि की शुरुआत खरमास में हो रही है, लेकिन इससे मां की आराधना में किसी तरह की खलल नहीं पड़ती है. खरमास में शादी-विवाह जैसे शुभ कर्म नहीं किये जाते. पूजन-अनुष्ठान आदि किये जा सकते हैं.

### घट स्थापना के शुभ मुहूर्त

आचार्य अजय मिश्रा ने पंचांगों की गणना कर बताया कि मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त दिन के 11.36 से 12.36 तक तक है. इस बीच घट स्थापना करना श्रेयस्कर रहेगा. उन्होंने बताया कि इस दिन अमृतसिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है. उन्होंने बताया कि सुबह सात बजे से पूरे दिन इसका मान रहेगा.

**तिथि का क्षय नहीं, पूरे नौ दिन का नवरात्र**

चैत्र नवरात्र इस बार पूरे नौ दिनों का है. श्रद्धालु नौ से 17 अप्रैल तक नित्य शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करेंगे. कन्या पूजा और हवनादि अनुष्ठान कर व्रतधारी नवरात्र व्रत पूर्ण करेंगे.

### आगमन अमंगल और गमन मंगलकारी

आचार्य श्रीकृष्ण बताते हैं कि चैत्र नवरात्र में मां का आगमन अमंगलकारी है, जबकि गमन मंगलकारी है. उन्होंने बताया कि मंगलवार के दिन मां का आना घोड़े पर हो रहा है. यह सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलावों की ओर संकेत करता है. इसे युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ या अकाल जैसी परेशानियों का कारण माना जाता है. उन्होंने बताया कि मां की विदाई 17 अप्रैल बुधवार को हो रही है. यह शुभकारी है. यह अच्छी बारिश, अच्छी फसल, खुशहाली और तरक्की का संकेत माना जाता है.

### चैती छठ पर्व 12 से

- 12 अप्रैल को नहाय खाय
- 13 अप्रैल को खरना
- 14 अप्रैल को संध्या अर्घ्य
- 15 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य

### 17 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी रामनवमी

17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनेगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. नौ अप्रैल को तीसरा मंगलवारी जुलूस निकलेगा. 16 को अष्टमी की रात भक्तगण शृंगार की रात के रूप में मनाएंगे. मौके पर शहर लाइट से जगमागाएगा. विभिन्न समितियों की ओर से मनोरम जीवंत झांकी भी निकाली जाएगी. अंतिम मंगलवारी पर जुलूस की भी धूम रहेगी. दर्जनों अखाड़ों से जुलूस निकालने की तैयारी चल रही है.

---

## बिरसा चौक पर यात्री बसों से की जा रही है अवैध वसूली

संवाददाता। रांची

बस ऑनर एसोसिएशन झारखंड ने बिरसा चौक से खूंटी जानेवाली बसों से अवैध वसूली एवं रामनवमी का जबरन मनमाना चंदा लिये जाने का विरोध करते हुए रांची के एसएसपी को पत्र लिखा है. अध्यक्ष अरुण बुधिया ने इस बाबत एसएसपी को जानकारी दी है कि बसें स्टैंड से बिरसा चौक से खूंटी रोड होते हुए वर्षो से प्रस्थान करती हैं और आज तक किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं हुई है. लेकिन विगत एक सप्ताह से कुछ लोगों द्वारा प्रत्येक बस से 50 रुपए रंगदारी के रूप में लिया जा रहा है. नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है. वहीं, हीं आज से यही लोग रामनवमी के नाम पर प्रत्येक बस से 300 रुपए चंदा भी काट रहे हैं. रंगदारी से परेशान बस संचालकों ने एसएसपी से कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया है.

**खास बातें**

- संचालकों ने एसएसपी को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग



**ये बसें गुजरती हैं बिरसा चौक होकर :** खादगढ़ा स्टैंड से दो दर्जन से अधिक बसों का परिचालन बिरसा चौक होते हुए खूंटी की ओर होता है. इनमें अंजनी बस, राधेश्याम बस, मूनलाइट बस, महालक्ष्मी बस, कच्छप बस, अर्जुन रथ, मंत्री बस, प्रकाश बस, शक्ति पूंज बस, मधुकर बस, जमजम बस, सहाय बस, थाई बस, सानिया बस, चंद्रलोक बस, न्यू मंत्री बस सहित अन्य बसों का परिचालन रोजाना होता है.

## ब्रीफ खबरें

### थार ने स्कूटी में मारी टक्कर, एक की मौत

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के बूटी रोड स्थित प्रेस क्लब के पास प्रेस क्लब के पास तेज गति से जा रही थार जीप (जेएच 01ई एन 0011) ने एक स्कूटी में टक्कर मार दी. इस घटना में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई. वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर है. घटना शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे तेज की बताई जा रही है. टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना से आक्रोशित लोगों ने थार जीप में तोड़फोड़ की है.

### डॉक्टर पर दो लाख की धोखाधड़ी की प्राथमिकी

**रांची।** कडरू के न्यू एजी कॉलोनी निवासी अरविंद कुमार सिंह ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कहा है कि बड़गाईं चौक के प्रजापति कांप्लेक्स स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय के डॉ चंद्रशेखर राय ने व्यवसाय के लिए मुझसे दो लाख रुपये कर्ज के तौर पर लिया था. उन्होंने पैसे एक-दो माह में लौटाने का वादा किया था. कई माह बीत जाने के बाद भी पैसा वापस नहीं करने पर जब उन्होंने डॉ. राय से पैसे मांगे, तो दो चेक दिए, जो कि बाउंस कर गए.

### राय साइडिंग से छह दिनों से नहीं निकला कोयला रैक

**रांची।** खलारी के आरसीएम राय साइडिंग से पिछले छह दिनों से कोयला रैक नहीं निकल पा रहा है. साइडिंग में कोयला भर गया है. साइडिंग में तीन रैक कोयला पड़ा है. पिछले छह दिनों में केवल चार अप्रैल को एक रैक कोयला निकला है. आरसीएम साइडिंग से प्रतिदिन औसत तीन रैक कोयला देश के विभिन्न थर्मल पावर प्लांट व अन्य कारखानों में भेजा जाता है. बताया जा रहा है कि साइडिंग में जिस गुणवत्ता का कोयला है, उसके अनुसार ट्रांजिट परमिट नहीं है.

### 11वीं प्रवेश परीक्षा में 823 विद्यार्थी शामिल

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी संकाय में सत्र (2024-25) में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को हुई. इसमें झारखंड के अलावा बिहार, उड़ीसा, बंगाल एवं उत्तर प्रदेश से करीब 823 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. विज्ञान विषय में 573, वाणिज्य विषय में 127 तथा मानवविकी विषय में 103 विद्यार्थी शामिल हुए. स्कूल की अकादमी निदेशक डॉ सिम्मी मेहता ने कहा कि छात्रों को भविष्य से जुड़ी उचित फैसला लेने का यही सही समय है.

---

केंद्रीय शांति समिति की बैठक में शामिल सदस्यों ने एक स्वर में की घोषणा, पुलिस-प्रशासन को साथ देने का दिया भरोसा

# आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाएंगे ईद, सरहुल और रामनवमी

संवाददाता। रांची



मोरहाबादी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में शनिवार को ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई. डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), सदर एसडीओ, अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, केंद्रीय शांति समिति एवं सरना समिति के सदस्य उपस्थित थे. बैठक में केंद्रीय एवं सरना समिति के सदस्यों ने एक सुर में ईद, सरहुल एवं रामनवमी के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने की बात कही. सभी त्योंहारों के दौरान सुरक्षा, लाइट, पानी, बिजली, शौचालय आदि को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा अपनी बात कहते हुए सुझाव भी दिए गए.

### बेहतर व्यवस्था देने का रहेगा प्रयास : डीसी

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि बैठक में आए सभी सुझावों पर अमल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास किया जाएगा. रांची जिला का पूरे विश्व में विविध तरह के सफल आयोजन को लेकर नाम हो रहा है. इस बार भी सभी के सहयोग से सभी पर्व त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक अमलों के साथ मिलकर हमारा प्रयास होगा कि हर जगह आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित हो.

### सभी धर्म के लोग मिल कर रहें : एसएसपी

एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा 20 दिनों के भीतर सभी धर्मों के त्योहार मनाने का मौका हमें मिल रहा है. ईस्टर, रमजान, ईद, सरहुल और फिर रामनवमी. वर्ष 2024 हमें संदेश दे रहा है कि सभी धर्म के लोग मिल कर रहें. आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं. उन्होंने कहा कि जो दृढ़ता भगवान श्रीराम के चरित्र में है, वही दृढ़ता हमें भी दिखानी होगी. हम राम के वंशज हैं, हमें उनकी मर्यादा को ध्यान में रखना होगा. छोटी-छोटी बातों से उबाल आ रहा है, तो हम राम के आदर्श को नहीं अपना रहे.

### पुलिस-प्रशासन का साथ दें समिति सदस्य : एसपी

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि कहा कि शांति समिति और सरना समिति के सदस्यों ने जिन समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, उसे नोट किया गया है. सबका समाधान किया जाएगा. उन्होंने सदस्यों से कहा कि आप सभी पुलिस-प्रशासन के साथ हैं, ये दिखाने का वक्त है. केंद्रीय सरना समिति विभिन्न स्थानों से आने वाली जुलूस के लिए टीम बनाएं. रामनवमी के लिए उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में शांति समिति के साथ बैठक करने को कहा.

### नियमानुसार लाउडस्पीकर का करें इस्तेमाल-एसडीओ

बैठक में सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बैठक के दौरान कहा कि भारत पर्व त्योहारों को देश है और अभी भारत में हर धर्म-संप्रदाय का पर्व भी है. उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इस बात का ध्यान रखें. लाउड स्पीकर और डीजे का नियमानुसार उपयोग करें. उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर है, सभी जिम्मेदार नागरिक होने फर्ज निभाएं.

---

भाजपा की मांग- हेमंत के दोस्त अभिषेक पिंटू को मिले सुरक्षा

# जेएमएम का मतलब जमीन मारो मोर्चा : अजय आलोक

प्रमुख संवाददाता। रांची



प्रदेश भाजपा कार्यालय में बोलते अजय आलोक, साथ में भाजपा नेता.

**खास बातें**

- हेमंत सोरेन में घुस गई है लालू प्रसाद यादव की आत्मा
- अलग राज्य झारखंड भाजपा ने बनाया, भाजपा ही गढ़ेगी
- विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा है कि जेएमएम का सही अर्थ 'जमीन मारो मोर्चा' है. इनकी सरकार के पूर्व मुखिया आज जेल में बंद हैं. इनको उम्मीद है कि सहानुभूति मिलेगी, लेकिन भ्रष्टाचार से जनित किसी नेता को इस देश ने सहानुभूति नहीं दी है. क्या दोष है झारखंड की जनता का? यहां की जनता ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को चुना और वही मुख्यमंत्री आदिवासियों की 8.5 एकड़ जमीन को कब्जा करके बैठे हुए है. यह सिर्फ एक मामला है, झारखंड में ऐसे न जाने कितने मामले होंगें?

वे शनिवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को बनाने के लिए बहुत सारे लोगों ने कुर्बानियां दी है, लेकिन इस राज्य को न बनने देने के लिए भी जमीन मारो मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन ने सौदा किया और अलग राज्य की संस्थापना में लालू प्रसाद के साथ मिल कर देरी की.

**अटल बिहारी नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं बनता :** अजय आलोक ने कहा कि हेमंत सोरेन की जमीन लूट के मामले में उनके बचपन के दोस्त अभिषेक पिंटू ने गवाही दी है. इसके बाद से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. छिपते फिर रहे हैं. ऐसे में उनकी अपील राज्य सरकार से है कि पिंटू को अतिरिक्त सुरक्षा दे. साढ़े आठ एकड़ जमीन की तरह जाने कितनी जगहों पर हेमंत की जमीन होगी. जब वे बचपन के दोस्त पिंटू तक को नहीं छोड़ रहे, तो राज्य को क्या छोड़ेंगे. आज हेमंत सोरेन में लालूजी की आत्मा घुस गयी है. वे नाखून कटा कर शहीद होने की बात कर रहे हैं. राजद सुप्रीमो लालू यादव ने तो यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा. आज ये दोनों दल कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं. यदि अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं बनता.

### हमने बनाया है, हम ही गढ़ेंगे

अजय आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि झारखंड को हमने बनाया है औ रहम ही गढ़ेंगे. आलोक ने कहा कि हम गढ़ते हैं, इसलिए हम जनता के दिल में बसते हैं. झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित तमाम राज्यों की जनाकांक्षाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गढ़ रहे हैं, जिसके कारण आज सुदूरवर्ती क्षेत्र की आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति बनाई गई हैं. इससे पहले एक दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद भी देश के राष्ट्रपति बनाए गए थे. देश में राजनीतिक दृष्टिकोण से यदि कोई भूकंप लाने वाले हैं, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिसके परिणास्वरूप देश में समाज के अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति आगे आकर संबोधित कर रहा है.

### बिहार और झारखंड पीएम की दो आंखें

बिहार और झारखंड दोनों पीएम की दो आंखें हैं. वे इस राज्य में हो रही गड़बड़ियों, करप्शन से आंखें नहीं मूंद सकते. इस राज्य को 1990 में ही बन जाना चाहिए था. पर लालू प्रसाद के साथ मिल कर शिबू सोरेन ने सौदा कर लिया. आदिवासियों की और लोगों के पैसे लूटने में यहां सरकार लगी है. आप चोरी करेंगे 200-300 करोड़, 5-5 हजार करोड़. जमीन, खनिज संसाधनों को लूटेंगे. ऐसे में जनता कब तक सहेगी. कांग्रेस का संरक्षण भी इस सरकार को है. कमीशन का पैसा उनके पास भी जाता है. 350 करोड़ का कैश इसके नेता के पास निकले थे. आखिर कहां से इतनी राशि आती है. केंद्र सरकार नहीं, घमंडिया गठबंधन के कर्म उन्हें परेशान कर रहे हैं. इस लोकसभा चुनाव में भी भाजपा अच्छा प्रदर्शन करते हुए सभी 14 सीटें जीतेगी. विधानसभा चुनाव में भी यहां भाजपा की सरकार बनेगी.

---

झामुमो का पलटवार, कहा- भाजपा प्रवक्ता करते हैं अनर्गल बयानबाजी

# कार्यकर्ताओं के साथ व्यस्त थे पिंटूः सुप्रियो

संवाददाता। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि बीजेपी के एक दिल्ली से प्रवक्ता राजधानी आये. लगा कि वे कोई बड़े विद्वान हैं, लंबा भाषण दिया. कहा, झारखंड को हमने बनाया है, हमही गढेंगे. इनका पटना में अस्पताल है, जहां तक मुझे मालूम है उसके मालिक वही हैं. उनके पिताजी डॉक्टर थे.

डॉक्टर कोई बनता है, पैसा किसी का लगता है. घर मालिक बनवाते हैं, उसे बनाते हैं राज मिस्त्री, घर बनने में ईंटा, गिट्टी, बालू, सीमेंट, छड़, सब कुछ लगते हैं. इस तरह मेहनत से घर तैयार होता है. फिर घर की पूजा पंडित जी से करवा कर गृह प्रवेश करा, दक्षिणा लेकर चले जाते हैं, घर उनका नहीं होता है.

सुप्रियो ने कहा कि इसी तरह झारखंड राज्य झामुमो ने बनवाया है. पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पूजा कराई है. अब बीजेपी का काम समाप्त हुआ. अब आप जाएं. उन्होंने कहा कि किसी को जान का खतरा है, आप को किस ने कह दिया. वे तो सुबह अपने कार्यकर्ताओं के साथ व्यस्त थे. यह झूठा आरोप है. इसलिए कहते हैं कि कंगारू के पेट में झोला होता है. झोले में हिमंता शर्मा, अतुल पलास, नारायण राणे, प्रफुल्ल पटेल, नवीन जिंदल भी रहते हैं. यहां भाषणबाजी करते हैं और आदिवासी के पास 10 हजार रुपए तक नहीं है. रिम्स की बिल्डिंग बनाने वाले कार्तिक बाबा ही थे और आदिवासियों का अपमान करते हो. हाथ बांध कर खड़ा रखने के लिए राष्ट्रपति बनाये हैं, हमें मालूम नहीं है कि आखिर क्या हो रहा है. बिहार को बिजली, संसाधन सब कुछ दिया है और यहां भाषण दे रहें हैं. सुप्रियो ने यह भी कहा कि बाबूलाल जी आप सावधान हो जाएं, सपने दिखाये जा रहे हैं, पर बाद में बाहर से लाकर मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा और आप देखते रह जाएंगे.

### प्रतिबंधित मांस के साथ दो गिरफ्तार, गये जेल

**रांची।** बरियातू पुलिस ने प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने के आरोप में सत्तार कॉलोनी गली नंबर पांच निवासी तबरेज अहमद (42) और फिरोज (50) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. दोनों आरोपी रिश्ते में भाई हैं. पुलिस ने आरोपियों के घर से छह किलो प्रतिबंधित मांस, हड्डी, खून लगा चाकू और बटखरा बरामद किया है. बरामद मांस में कुछ मांस को एफएसएल से जांच कराने के लिए सुरक्षित रखने के बाद पुलिस ने बाकी मांस को नष्ट कर दिया है. दोनों आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे प्रतिबंधित मांस की बिक्री कर रहे थे. इनके साथ इस कारोबार में इबरार अहमद और आरिफ अहमद और पिठोरिया थाना क्षेत्र निवासी बबलू भी शामिल है.

# बिना छुट्टी लिये लोगों के बीच निरंतर काम कियाः संजय सेठ

प्रमुख संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि बिना छुट्टी लिये लोगों के बीच निरंतर काम किया है. शनिवार को सेठ ने अपने कार्यालय में विकास पत्र जारी करते हुए पिछले पांच साल की उपलब्धियां गिनाईं. उन्होंने बताया कि कैसे पिछले पांच साल में रांची लोकसभा क्षेत्र विकास की सीढ़ी चढ़ रहा है. चाहे रांची में बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर हो या फिर प्रस्तावित आउटर रिंग रोड हो.

उन्होंने झीरी में बन रहे वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट और बड़गाईं में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी जिक्र किया. साथ ही समाज के बेहतरी के लिए चलाए जा रहे बुक बैंक और टॉय बैंक की भी जानकारी दी.

### 'कोविड काल में जनता की मदद में लगे रहे'

सांसद संजय सेठ ने कहा कि कोरोना काल के दौरान वे लगातार जनता के बीच उनकी मदद करने में लगे हुए थे, वहीं बाकी जो नेता और जनप्रतिनिधि हैं वे घर में बैठे थे. ये लोग चुनाव के समय बस एक महीने के लिए वे जनता के बीच दिखाई देते हैं. लेकिन हमनें बिना छुट्टी लिए निरंतर लोगों के बीच रह कर काम किया है. रेलवे के क्षेत्र में हुए विकास को लेकर भी जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही रांची में रेलवे की व्यवस्था बेहतर हुई है.

---

# एनजीओ द लेजेंड ऑफ युवा ने दिया महिलाओं को प्रशिक्षण



संवाददाता। रांची

एनजीओ द लेजेंड ऑफ युवा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए जोर-शोर से काम कर रहा है. शनिवार को एदलहातू में संस्था की ओर से निःशुल्क महिला स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एनजीओ की टीम ने महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया. साथ ही आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया. टीम लीडर सह कोषाध्यक्ष सुधा कुमारी और उप सचिव सीमा मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए संस्था हमेशा तत्पर रहेगी. सीमा मिश्रा ने कहा कि संस्था महिलाओंको स्वरोजगार के माध्यम सं सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेगी. महिलाओं को भी चाहिए कि वे आगे बढ़कर इस मौके को भुनायें. उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि महिलाओं को शिक्षित व प्रशिक्षित किया जाए.

### जनता की आंखों में धूल झोंक रहे भाजपा, झामुमो व कांग्रेस : विजय शंकर

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड व छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने भाजपा, झामुमो ओर कांग्रेस के नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप करने की राजनीति पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने शनिवार को कहा कि इन तीनों पार्टियों के नेता 'सुपवा दूसे छलनिया के छलनिया दूसे सुपवा के' वाली राजनीति कर जनता के बुनियादी सवालों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीति कर रहे हैं. ये लोग झारखंड की भोली-भाली जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं. नायक ने आगे कहा कि भाजपा को अपने 15 वर्ष के कार्यकाल के बारे में जनता को बताना चाहिए कि उसने झारखंड की जनता के हितों तथा उनके बुनियादी सवालों पर कितनी गंभीरतापूर्वक कार्य करने का काम किया है. साथ ही साथ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के नेता को यह बताना चाहिए कि इन चार वर्षों में जनता के बुनियादी सवालों का कितना प्रमुखता से समाधान किया.

# सेल चेयरमैन ट्राफी में भिलाई टीम जीती, बोकारो उपविजेता



संवाददाता। रांची

सेल के युवा प्रबंधकों के लिए एमटीआई रांची में आयोजित चेयरमैन ट्राफी के फाइनल में सोनल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ रॉय तथा विनय कुमार पवार की भिलाई की टीम ने विजय प्राप्त की. पर्यावरण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व एवं उन्नत प्रशासन के माध्यम से सतत सुरक्षित भविष्य के लिए सेल के समक्ष चुनौतियां और आगे की राह विषय पर इस प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों के युवा प्रबंधकों की उल्लेखनीय भागीदारी की.

तीन सदस्यीय चयन समिति में डॉ. कीर्ति अभिषेक, एसोसिएट प्रोफेसर बीआईटी मेसरा, कृष्ण कुमार सिंह निदेशक (कार्मिक) सेल और अतनु भौमिक निदेशक प्रभारी (राउरकेला एवं बोकारो इस्पात संयंत्र) ने फाइनलिस्ट प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया. मूल्यांकन और प्रस्तुतियों के आधार पर भिलाई की टीम को विजयी घोषित किया गया. बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम, जिसमें शशांक शेखर, चंद्रशेखर कुमार और टी. केदारनाथ थे वे उपविजेता रहे. वहीं तीसरे स्थान पर राउरकेला की टीम रही, जिसके सदस्य विजय प्रकाश आर्य, कृष्ण कुमार जैसवाल एवं संजय कुमार गौतम थे.

---

जमीन घोटाला मामले में ईडी का दावा

# गैरकानूनी अधिग्रहण के लिए रिकॉर्ड से छेड़छाड़ या छुपाने की होती है कोशिश

संवाददाता। रांची



जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी की जांच में कई अहम खुलासा हुआ है. ईडी ने दावा किया है कि झारखंड में भू-माफिया का एक रैकेट सक्रिय है, जो रांची में जमीन के फर्जी रिकॉर्ड बनाने का काम करता है. यह भी पता चला है कि भू-माफिया को लाभ पहुंचाने के लिए जमीनों के स्वामित्व रिकॉर्ड भी फर्जी बनाए गए हैं. इसके बाद जाली भूमि रिकॉर्डों के आधार पर, ऐसी भूमि अन्य व्यक्तियों को बेच दी जाती हैं. ऐसी संपत्तियों के गैरकानूनी अधिग्रहण, कब्जे और उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए स्वामित्व के मूल भूमि रिकॉर्ड से या तो छेड़छाड़ की जाती है या छुपाया जाता है.

**ईडी ने पहले ऐसे मामलों में 51 तलाशी और नौ सर्वे किए थे :** ईडी ने पहले ऐसे मामलों में 51 तलाशी और 9 सर्वे किए थे और अपराध सांकेतिक दस्तावेज जैसे कि भू-राजस्व विभाग की जाली मुहरें, जाली भूमि दस्तावेज, अपराध की आय के वितरण के रिकॉर्ड, जालसाजी करने की तस्वीरें, सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने के सबूत आदि जैसे सबूतों को जब्त किया था. तलाशी के परिणामस्वरूप 1.25 करोड़ रुपए (लगभग) नकदी की बरामदगी और जब्ती की गई. और उसके बाद बैंक खाते में जमा 3.56 करोड़ रुपए को फ्रीज़ कर दिया गया था. दिल्ली में हेमंत सोरेन के उपयोग और नियंत्रण वाले एक परिसर की तलाशी के दौरान 36.34 लाख रुपए, एक बीएमडब्ल्यू लग्जरी कार जब्त किए गए

### हेमंत सोरेन समेत 16 आरोपी हुए गिरफ्तार

ईडी ने इसके पूर्व जमीन घोटाला मामले में 236 करोड़ रुपए कीमत के भूखंड अंतिम रूप से कुर्क किए थे. अब तक इन मामलों में हेमंत सोरेन, छवि रंजन (पूर्व डीसी, रांची), भानु प्रताप प्रसाद (राजस्व उप-निरीक्षक), अमित कुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश समेत 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. ईडी ने सरकारी अधिकारियों सहित कई लोगों के विरुद्ध जमीन घोटाले के मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की. ईडी की जांच में पता चलता है कि आरोपी व्यक्तियों में से भानु प्रताप प्रसाद, राजस्व कार्मिक और मूल सरकारी रिकॉर्डों के संरक्षक ने अपने आधिकारिक पद का दुरूपयोग किया.

---

**लोस चुनाव**

स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

# उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी कोषांग की

संवाददाता। रांची

स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर शनिवार को पंडरा रोड स्थित सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में व्यय लेखा जांच दल, वीडियो टीम, सी-विजिल, एमसीसी, एमसीएमसी, कॉल सेंटर एवं सहायक व्यय प्रेक्षक में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला स्तरीय मास्टर टेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव भी उपस्थित थे.



### नामांकन के साथ ही खर्च की मॉनिटरिंग शुरू कर दें

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने व्यय अनुवीक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बताया कि रांची जिला में चौथे और छठे चरण में मतदान होने हैं. चुनाव की अधिसूचना के बाद अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन किया जाता है. इसके बाद से ही उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये जा रहे खर्च की मॉनिटरिंग भी शुरू कर दी जाती है. मॉनिटरिंग करने की जिम्मेवारी पूरे सेल की है, जिसमें एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्यूविंग टीम और अकाउंटिंग टीम शामिल है.

### खर्च कैलकुलेट करने की जानकारी दी गई

डीसी ने किस प्रकार से किसी पॉलिटिकल प्रोग्राम, रोड शो, कैंपेन आदि में किए गए खर्च को कैलकुलेट करना है, कैसे शैडो ऑब्जरवेशन रजिस्टर बनाना है, किस तरह एविडेंस फोल्डर क्रिएट करना है इसकी जानकारी निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के आलोक में दी. एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में तीन बार होने वाली बैठक और पूरे खर्च की मॉनिटरिंग के लिए क्या प्रोटोकॉल होगा, इसके बारे में भी प्रशिक्षण सत्र में जानकारी दी गयी.

### सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर तैयार रहें

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कहा गया कि आवश्यक कागजी कार्रवाई कर तैयार रहें. उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये जा रहे खर्चों की पूरी डिटेल इंट्री रजिस्टर में आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार सुनिश्चित करें. मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण सत्र के दौरान उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी गयी. सभी को एमसीएमसी के कार्यों की जानकारी भी दी गयी.

### आप सभी टीम के रूप में काम करेंः एसएसपी

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि आप सभी एक टीम के रूप में कार्य करें. सभी अपने अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के संपर्क में रहें, इससे किसी भी प्रकार का एक्सपेंडिचर मिस नहीं होगा. उन्होंने कहा कि अलर्ट रहते हुए प्रत्यशियों के हर खर्च को जोड़ना है, उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक अकाउंट के अलावा किसी अन्य बैंक अकाउंट से भी राशि खर्च की जाती है, तो उस पर भी नजर रखें.

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने दी लालचंद महतो को श्रद्धांजलि



संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के अतिथि भवन में पूर्व मंत्री और पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के पूर्व संस्थापक अध्यक्ष स्व. लालचंद महतो की याद में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा की गई. अध्यक्षता मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने की. मौके पर अरुण कश्यप, संतोष कुमार, अब्दुल खालिक, विक्रांत विश्वकर्मा, ललित चौधरी, दिलीप मंडल, सुधीर अघोरी, राजू लाल समेत कई गणमान्य लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि आज हमारे बीच पिछड़ा समाज के नेतृत्वकर्ता लालचंद महतो नहीं रहे. उनकी कमी हमेशा खलेगी. वरीय उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि लालचंद महतो ने विधानसभा में आरक्षण को लेकर अपनी आवाज को बुलंद किया था.

## ब्रीफ खबरें

### फुटबाल खिलाड़ी हाजी अली इमाम की 27वीं बरसी आज

**रांची।** ब्रांबे गांव के अंसारी परिवार में 1921 को अली इमाम का जन्म हुआ था. स्व. हाजी अली इमाम स्वतंत्रता सेनानी थे. पुत्र अधिवक्ता नसर इमाम ने बताया कि पिता इमाम अली की रविवार को 27वीं बरसी है. 7 अप्रैल 1997 को उनका निधन हुआ था. उन्होंने फुटबाल में जगत में कई रिकार्ड हासिल किये थे. 1948 में कोलकाता के फुटबाल क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग से भी पुटबॉल खेला था. बिहार सरकार ने उन्हें उच्च स्तरीय फुटबाल प्रतिभा के लिये फुड ग्रेन ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया था. कुछ ही दिनों में उन्होंने यह नौकरी को छोड़ दी थी. वे छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन के अजीवन सदस्य होने के साथ साथ लंबे समय तक इसके महासचिव भी रहे.

### समाजशास्त्री डॉ. सीता राम अकिंचन नहीं रहे

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान के संस्थापक विभागाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध



समाजशास्त्री डॉ. सीताराम अकिंचन का निधन शुक्रवार को हो गया. उन्होंने रिम्स के क्रिटिकल केयर सेंटर में अंतिम सांस ली. डॉक्टर सीताराम अकिंचन की ख्याति झारखंड बिहार के एक स्थापित समाजशास्त्री के रूप में रही है. वे वर्ष 1996 में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे. पिछले वर्ष ही इनकी धर्मपत्नी मालती अकिंचन का देहांत हुआ था. डॉ अकिंचन अपने पीछे दो बेटियां-दामाद, दो बेटे पुत्रवधुएं, पोता-पोतियों, नाती-नतिनियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं. उनके निधन पर रांची विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं नगर के बुद्धिजीवियों ने शोक व्यक्त किया है.

### चडरी सरना समिति ने सुदेश को दिया न्योता

**रांची।** चडरी सरना समिति का प्रतिनिधि मंडल बबलू मुंडा की अगुवाई में झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की. इस क्रम में उन्होंने सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने के लिए उन्हें निमंत्रण दिया. इस मौके पर बबलू मुंडा ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी. इस क्रम में पाहन, महतो, कोटवार औऱ पईनभोरा को सरना अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा. अलबर्ट एक्का चौक के सामने विशाल पंडाल बनाया जाएगा. जुलूस में पुष्प वर्षा हो इसके लिए भी सरकार से मांग की गई है. सरहुल शोभायात्रा में सरना धर्मावलंबी को परेशानी न हो इसके लिए भी ध्यान रखा जाएगा.

### स्कूल प्रबंधन ने किया हिंसक झड़प से इनकार

**रांची।** रांची सेक्टर 2 स्थित केरलि स्कूल में छठी कक्षा के दो छात्रों के बीच पानी के विवाद में मारपीट और कैंची से हमले की खबर आने के बाद झारखंड अभिभावक संघ ने मामले को गंभीरता से लिया है. अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने रांची जिला प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. घटना के संबंध में अजय राय ने जगन्नाथपुर थाना प्रभारी से दूरभाष पर जब इस संबंध में बात की, तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी झड़प की सूचना मिली है. वहीं स्कूल प्रबंधन ने इस तरह की किसी भी घटना से इनकार किया. राय ने कहा कि स्कूल कैंपस में घटी ऐसी किसी घटना को ढंकने का प्रयास होता है, तो अभिभावक संघ चुप नहीं बैठेगा. स्कूल कैंपस में बच्चों के बीच ऐसी वारदात को हर हाल में गंभीरता से लिया जाना चाहिए.

# डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया पोइला बोइशाख

संवाददाता। रांची



डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने धूमधाम से शनिवार को करमोटोली स्थित आइएमए में पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष का आयोजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत सदस्यों द्वारा शंखनाद कर की गई. सभी सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष श्रीला चौधरी ने किया. चेयरपर्सन विनीता शरण व फाउंडर एंड चेयरपर्सन झूमा सरकार ने बंगाली संस्कृति के संवर्धन एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के संरक्षण पर बोलते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी.

पोइला बोइशाख के अवसर पर पान के पत्ते से सजावट की गई. साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में बंगाली और हिंदी गानों की प्रस्तुति की गई. शिल्पा बनर्जी और देवजानी ने सोलो डांस किया. पोइला बोइशाख पर पारंपरिक बंगाली शादी की एक प्रतिकृति प्रस्तुत की गई, जिनमें दुल्हन का किरदार पिंकी एवं दूल्हा का किरदार डॉ. साक्षी सिंक ने निभाया. इस अवसर पर पारंपरिक बंगाली लोकगीत, रविंद्र संगीत, समूह नृत्य का लोगों ने खूब लुत्फ़ उठाया. तरह-तरह के बंगाली पकवानों से दस्तरखान सजा था. इस कार्यक्रम में मोनापाल, डॉ वाइव्स एसोसिएशन की सचिव अमृता वैद्या, अध्यक्ष शीला , बैसाखी मांझी, शंपा चटर्जी, उमा सेनगुप्ता, संयुक्ता चौधरी, रिंकू बनर्जी, रेणु तिवारी, मोनीदीपा सरकार, पिंकी राय, संचिता मुखर्जी, शिप्रा बनर्जी, मधु गुप्ता, देवयानी सन्याल, बलाका राय, डॉ. निवेदिता चक्रवर्ती, डॉ साक्षी सिंह, डॉ देवयानी पाल, डॉ ब्यूटी बनर्जी, मोनीदीपा दासगुप्ता, मधु गुप्ता, अंजू कुमारी सिंह, शिवानी साहू, दीपा चौहान, बिंदु प्रसाद, रश्मि कुमार, रेखा मिश्रा, शोभा कुमार, शालिनी गुप्ता, डॉ. अनुराधा जायसवाल, रश्मि अग्रवाल, नीता सहाय, श्वेता रंजन, पल्लवी सुनील, सुप्रिया ठाकुर, पल्लवी शरण, सुमिता कुमार, रंजना जैन, कमलेश मिढा, डॉ. रश्मि कुमार, मंजू सिंह, प्रियंका लांबा, बीना झा, रीना शाह, मंजू खेतान, निर्मला गाड़ोदिया, डॉ. उषा सिंह, आरती सिंह, प्रीति नवीन, डॉ. शिक्षा लाल, डॉ अनु, मीनाक्षी महतो, डॉ. स्मृति नारायण, सुमन बरनवाल, डॉ नेहा प्रिया, नीलम शेखर, रश्मि सिंह ,डॉ अंकिता वर्मा, सुनीता सिन्हा, विभा सिंह, प्रभा दारूका, पुष्पलता ,सुषमा मिश्रा, रश्मि कुमार, डॉ आभा, भारती झा, नीलम तिवारी, मिथिलेश सिंहा, रिद्धिमा मित्तल, निभा मिश्रा , सविता रानी सिंह, तरुणा छाबड़ा, रिंकू चौधरी, जया साहू ,पूनम झा उपस्थित थे.

**खास बातें**

- शंखनाद से प्रारंभ हुआ बंगाली नववर्ष समारोह
- कार्यक्रम में बांग्ला और हिंदी गानों की प्रस्तुति

# महिला काव्य मंच की गोष्ठी में गूंजी कर्णप्रिय कविताएं



संवाददाता। रांची

महिला काव्य मंच पूर्वी -पश्चिम दोनों ईकाइयों की अप्रैल माह की सम्मिलित गोष्ठी रश्मि सिन्हा के बरियातू चेशायर होम के पास स्थित आवास पर हुई. गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई. मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण ने सभी सदस्यों का स्वागत किया. सरस्वती वंदना मंच सलाहकार रेणु मिश्रा ने तथा मंत्राच्चार पूर्वी ज़िला इकाई के अध्यक्ष रेणु झा ने किया. इसके बाद गोष्ठी में मौजूद कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं. उनमें सारिका भूषण, रेणु झा रेणुका, सुनीता अग्रवाल, कल्याणी झा, प्रतिभा मिश्र, शिप्रा शालिनी, रूपा अनंत, संगीता सहाय, भावना अंबष्ठ, बिम्मी प्रसाद, मधुमिता साहा, रश्मि सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, खुशबू बरनवाल, मंजुला सिन्हा, अर्पणा सिंह, मनीषा सहाय सुमन, उर्मिला सिन्हा, अंशिता, रिम्मी वर्मा, आदि प्रमुख रहीं. संचालन बिन्दु प्रसाद एवं रेणु मिश्रा ने किया. रश्मि सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## अर्द्ध नारीश्वर रूप में नाचते-झूमते सड़क पर निकले भोक्ता

# चुटिया मंडा पूजा की शोभायात्रा प्रारंभ, पांच दिनों तक मचेगी धूम



12 को फूलखुंदी, झूलन के साथ समापन 13 को



संवाददाता। रांची

चुटिया की पारंपरिक मंडा पूजा शोभायात्रा की शुरुआत शनिवार को हुई. भोक्ताओं ने दिन भर गुड़ का शरबत और चना ग्रहण कर श्रीशिव की आराधना में रमे रहे. घर-घर जाकर गांव की शुद्धि की. सांझ ढलते स्वयं का अर्द्ध नारीश्वर रूप में श्रृंगार किया. गुलैची फूल की माला और पैरों में घुंघरू पहन ढोल-नगाड़े की थाप पर छम-छम करते स्थानीय प्राचीन श्रीराम मंदिर आये. यहां पूजा-अर्चना कर सभी ने श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. रात आठ बजे शोभायात्रा के रूप में अलग अंदाज में नाचते-झूमते भोक्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीशिव मंडा मंदिर, लोवर चुटिया आये. यहां रात 12 बजे तक पूजा-अर्चना सहित विशेष अनुष्ठान किये गये. अब यह क्रम नित्य 11 अप्रैल तक रात आठ से 12 बजे तक दुहराया जायेगा. 12 अप्रैल को फूलखुंदी होगी. सभी भोक्ता अंगारे पर चल कर निष्ठा, भक्ति और सात्विकता की परीक्षा देंगे. 13 अप्रैल को झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न हो जायेगा. इस मौके पर श्रीराम मंदिर से दोपहर बाद सजे-धजे भोक्ता शोभायात्रा के रूप में मंडा स्थल पर आयेंगे. इस बीच बैल गाड़ी पर रखे गये कीलों के पट पर लेट कर मुख्य भोक्ता की भक्ति देखते ही बनेगी. नाचते-झूमते अन्य भोक्ताओं के क्या कहने. सभी भक्ति की शक्ति से लबरेज हो काठ के बने झूले से बंध कर श्रद्धालुओं के बीच आसमान से आस्था के पुष्प बिखेरेंगे. माना जाता है कि भोक्ताओं द्वारा बिखेरे गये पुष्प पाने वालों की वारे-न्यारे हो जाते हैं. जीवन धन्य हो जाता है. इसी भाव से बड़ी संख्या में भक्तगण झूलन में जरूर हिस्सा लेते हैं. मंडा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक विजय साहू, विजय तिर्की और अध्यक्ष राजकुमार महतो ने इसमें खास तौर से भागीदारी निभायी.

**कठिन तपस्या और नेम निष्ठा का व्रत है मंडा पूजा**

शिव भक्ति के लिए प्रसिद्ध मंडा पूजा कठिन तप और तपस्या का व्रत है. इसमें शामिल भोक्ता पूरी नेम-निष्ठा से व्रत पूर्ण करते हैं. सिर्फ गुड़ का शरबत और चना खा कर दिनभर गांव की शुद्धि करते हैं. रात्रि 12 बजे के बाद गुड़ से बने खीर आदि खा कर जमीन पर ही सोते हैं. भोजन ग्रहण करने के दौरान यदि बाहरी आवाज सुन ली तो वहीं भोजन छोड़ देते हैं. एक वस्त्र धोती ओर गंजी पहन कर ही सारे अनुष्ठान करते हैं. दूसरा वस्त्र नहीं धारण करते.

## परंपरागत पोशाक में पहुंचीं महिलाएं, गाये राजस्थानी गीत

# मारवाड़ी महिलाओं ने मनाया गणगौर सिंजारा

संवाददाता। रांची



रांची की मंजू मोहता और रिचा मोहता के घर पर शनिवार को मारवाड़ी महिलाओं ने गणगौर सिंजारा का आयोजन किया, जिसमें महिलाएं खूब मस्ती करती नजर आईं. कार्यक्रम का थीम कलर गुलाबी और राजस्थानी ट्रेडिशनल ड्रेस था. सभी महिलाएं राजस्थानी कल्चर के अनुसार सज-धज कर पहुंचीं. महिलाओं ने गणगौर के राजस्थानी गीत गाए, राजस्थानी डांस किये और बहुत सारे गेम्स में शामिल हुईं.

उल्लेखनीय है कि गणगौर मारवाड़ी महिलाओं का खास त्योहार है. गणगौर में गण के रूप शिव और पार्वती रूप में गौरा की पूजा होती है. यह पर्व होली के दिन से शुरू होता है. और नवरात्रि के तीज को पूरी हो जाता है. खास कर राजस्थान में यह त्योहार बहुत ही जोरदार तरीके से मनाया जाता हैं. गणगौर पूजा कुंवारी लड़कियां और नई नवेली दुल्हनों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है. शादीशुदा औरतें भी पति की सलामती के लिए की यह पूजा करती हैं. गणगौर की पूजा 16 दिन तक की जाती है और इन 16 दिनों के बीच में गणगौर का सिंजारा सेलिब्रेशन होता है. जिसमें महिलाएं गणगौर के गीत गाती हैं. डांस, गेम्स के साथ सेलिब्रेशन पूरा होता है. नवरात्रि तीज के दिन गणगौर की बड़ी पूजा होती है जिसमें सभी महिलाएं पारंपरिक तरीके से तैयार होकर होली, काजल, मेहंदी और धूप से गणगौर की पूजा करती हैं. पारंपरिक गीत गाते हैं और शाम होने पर नाचते गाते अभी गुलाल उड़ाते गणगौर को विदा करती हैं.

### उपायुक्त और एसएसपी से मिला श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग वर्मा, युवराज पासवान, संरक्षक बसंत दास एवं उपाध्यक्ष नवीन सिंह के नेतृत्व में रांची के डीसी और सीनियर एसपी से मिलकर श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों की समस्याओं से अवगत करवाया. इस अवसर पर रमेश सिंह और बजरंग वर्मा ने दोनों अधिकारियों को बताया कि पूर्वी क्षेत्र की शोभा यात्रा ऐतिहासिक होती है. जुलूस में युवा वर्ग एवं महिलाएं काफी संख्या में हिस्सा लेती हैं. इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा की आवश्यकता है. साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बिजली चले जाने पर रास्तों में अंधेरा रहता है. इसके लिए वैकल्पिक रूप से लाइट की आवश्यकता पड़ती है. अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि रामनवमी से पहले आपकी सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं.

## न्यूज अपडेट

### सरला बिरला स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन





**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के मोहम्मद अम्मार अहमद और ग्यारहवीं कक्षा के अभिषेक कुमार आयुष को फिट इंडिया क्विज में शानदार सफलता मिली है. दोनों छात्रों को फिट इंडिया क्विज के प्रारंभिक दौर में अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है. अम्मार और अभिषेक ने प्रारंभिक दौर में क्रमशः 8वीं और 11वीं रैंक हासिल की है. दोनों को 2000 रुपये पुरस्कार प्रदान किया गया. वहीं विद्यालय को भी 15000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया.

### श्रीश्याम मित्र मंडल ने चलाया 106वां भंडारा



**रांची।** श्रीश्याम मित्र मंडल के 106 वें भंडारे में शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खाटू नरेश का प्रसाद पाया. श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में भोग पाने को लंबी कतार लगी रही. शाम चार बजे प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली के सान्निध्य में यजमान परिवारों ने ईश्वर और गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया. बाद में भोग लगा प्रसाद पहले मंदिर के आचार्यों को परोसा गया. इसके बाद आम भक्तों के बीच बांटा गया. वेजिटेबल पुलाव, आलू, लौकी, चना दाल, मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, शीतल पेय गुलाब शरबत का प्रसाद का स्वाद सब को भाया.

### नीरजा सहाय डीएवी ने मनाया स्थापना दिवस



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में 22वां स्थापना वर्ष समारोह का भव्य आयोजन हुआ. वरुण सहाय बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए. इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों की विभिन्न सामूहिक गान, नृत्य, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे. इस दौरान मुख्य अतिथि वरुण सहाय ने विद्यालय से जुड़ी कई बातें साझा कीं. उन्होंने विद्यालय से अपने लगाव के भी कई संस्मरण साझा किए. प्राचार्या किरण यादव ने सहाय परिवार के योगदान को रेखांकित करते हुए इसके अनंत सुनहरे कीर्तिमान यात्रा के लिए आश्वासन दिया. इस अवसर पर पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया. मौके पर विशिष्ट अतिथियों में एस के सिन्हा, प्राचार्य डी ए वी गांधीनगर, रोशनी वाधवानी, प्राचार्या डीएवी हेहल, पुनीत पोद्दार, प्रेमसंस के मलिक शामिल उपस्थित थे.

# आदिवासी जनपरिषद की बैठक में सरहुल पर चर्चा

संवाददाता। रांची



आदिवासी जनपरिषद की केंद्रीय कमेटी के तत्वावधान में सरहुल शोभायात्रा को लेकर करमटोली धूमकुड़िया भवन में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया. इस मौके पर अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का मुख्य त्यौहार है. इस पर्व को मुंडा आदिवासी बा, संथाल बाहा और उरांव खददी पर्व के नाम से जानते हैं. आदिवासी समाज सरहुल पर्व को नये साल के रूप में मनाते हैं, क्योंकि सरहुल पर्व के बाद पेड़ पौधों से उगने वाले नये फल फूल का सेवन करना शुरू कर देते हैं. 11 अप्रैल को हातमा सरना स्थल से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो अलबर्ट एक्का चौक, मेनरोड, राजेद्र चौक होते हुए सिरमटोली सरनास्थल जुलुस पहुंचेगी. जहां लोग माथा टेकेंगे और देश दुनिया की खुशहाली का कामना करेंगे.

महासचिव प्रकाश मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज ने ही मानव सभ्यता की उत्पत्ति की है. इसलिए सरकार को विशेष बजट पारित करना चाहिए, ताकि सरहुल पर्व को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में पूरे देश में मनाया जा सके. इस महापर्व के अवसर पर दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित किया जाना चाहिए. आदिवासी समाज के लिए सरना पवित्र स्थान होता है. राजधानी के सभी धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई शुरू कर देनी चाहिए. शोभायात्रा के दिन टास्क फोर्स तैनात किया जाएं. चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं, ताकि मनचले और बदमाशों को चिह्नित किया जा सके.

# डीएवी बरियातू में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ, बच्चों में दिखा उत्साह

संवाददाता। रांची



डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में सत्र 2024-25 में बाल वाटिका प्रथम और बाल वाटिका द्वितीय के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. हवन का कार्यक्रम भी हुआ. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने कहा कि बच्चों के पालन और उनकी शैक्षणिक प्रगति में माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है. अभिभावकों के आचार-विचार के समस्त अंशों का सम्पूर्ण प्रभाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है. मूवमेंट कांउसलर पूजा बियानी ने डांस के माध्यम से बताया कि बच्चे किस तरह अपने माता-पिता का अनुसरण करते हैं. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को कहानियां सुनाएं, न कि उनसे पीछा छुड़ाने के लिए मोबाइल के प्रलोभन जाल में उन्हें फंस जाने दें.

**आपसी सौहार्द** | पूर्वाह्न में ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज, अपराह्न में सरहुल की शोभायात्रा

# सरहुल-ईद का त्योहार साथ, दोनों समाज के लोग एक-दूजे को देंगे बधाई

संवाददाता। रांची











इस वर्ष झारखंड के लिए शुभ अवसर है. जहां पर मुस्लिम समुदाय ईद मनायेगा, वहीं आदिवासी समाज का सरहुल पर्व लोगो के बीच अमन शांति बांटने का काम करेगा. दोनों समुदाय अपनी भावनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे.

अंजुमन इस्लामिया के तहजीबुल हसन ने कहा कि मुस्लिम समुदाय की ईद सुबह खत्म हो जाएगी. उसके बाद एक दूसरे से मिलने जायेंगे. मुस्लिम समुदाय आदिवासी समाज को सरहुल की बधाई देगा और आदिवासी समुदाय मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाइयां देगा. दोनों अपने पर्व मनाते हुए दुआ करेंगे कि झारखंड प्रगति की राह पर चले और नफरत फैलाने वाले को कमजोर किया जाएगा. झारखंड की जमीन आदिवासी और मूलवासी की एकजुटता से आगे बढ़ रही है. हर समुदाय का हक बनता है कि एक-दूसरे के पर्व में एक-दूसरे के साथ खड़े होकर मोहब्बत की मिठास को इतना मिठास कर दे कि नफरत का बीज खत्म हो जाए.

बुद्धिजीवी अजहरुद्दीन ने कहा कि ईद खुशियों का त्योहार है. इसमें आपसी रंजिश, भेदभाव, मिटाकर एक दूसरे लोगो से गले मिलेंगे. विश्व शांति कायम रखने के लिए इस साल एक साथ दो त्योहार पड़ रहे हैं. ईद भी है, सरहुल भी है. विश्व में उत्तम प्रकार की शांति कायम हो. यही त्योहार का मकसद है.

समाजिक अगुवा एजाज गद्दी ने कहा कि सरहुल और ईद देश के लिए मिसाल होगी. पहली बार दो समुदाय देश दुनिया शांति औऱ खुशहाली की कामना करेंगे.

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि दो समुदाय एक साथ मिलेगें. सरहुल औऱ ईद एक साथ मनायेंगे. एक दूसरे को बधाई देंगे.भारत देश त्योहारों का देश है. इसमें सभी त्योहार को भाईचारे, प्रेम, सद्भावना से मनाया जाएगा.

आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि सदियों से एक दूसरे से मिलकर रहते आ रहे हैं. दोनों त्योहार खुशियो का त्योहार है.दोनों समुदाय मिलकर देश तरक्की करे. इसके लिए ईश्वर से दुआ औऱ प्रार्थना करेंगे.

### मस्जिदों और ईदगाहों में तैयारियां हुईं प्रारंभ

**रांची।** रमजान उल मुबारक का महीना चल रहा है. तीन से चार दिन रह गये हैं, ईद को इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है. शहर की तमाम मस्जिदों में अंतिम जुमे की नमाज के बाद ईद की नमाज के वक्त की घोषणा कर दी गई है. मस्जिद प्रबंधन एवं मुहल्लेवासियों ने नगर निगम से सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं बिजली की अपूर्ति दुरूस्त रखने की मांग की है. वहीं रांची अंजुमन इस्लामिया की ओर से रांची ईदगाह की साफ सफाई एवं रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है. जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जायेगा. इसकी देख रेख अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद के निर्देश पर वर्कर मो तारिक, मो नदीम समेत अन्य कार्य कर रहे हैं.

---- नन्हे रोजदार ----

# पांच साल की नाएरा परवीन ने जिद कर रखा पहला रोजा

संवाददाता। रांची



रोशनी ड्रेसेज के संचालक मो मोबीन की बेटी नाएरा परवीन महज पांच साल की है. बच्ची ने इस रमजान में अपना पहला रोजा रख कर अपने रोजे की शुरुआत की. बच्ची संत मेरी स्कूल में कक्षा प्रेप में पढ़ती है. मो मोबीन ने कहा कि एक दिन सेहरी के समय खुद से उठ गई और हम लोगों को सेहरी करते देखा तो रोजा रखने के बारे में जिद करने लगी. हमने मना किया कि अभी तुम बहुत छोटी हो पर मानी नहीं रोने लगी. उसे रोते देख सेहरी करने की इजाजत दे दी. फिर उसकी अम्मी ने उसे ब्रेड व दूध से सेहरी कराया. और इस तरह बच्ची पूरी हिम्मत से दिन भर रोजे में डटी रही. शाम में थोड़ी परेशान हुई, पर फिर ठीक हो गई. बच्ची के इस जज्बे से घर परिवार में खुशी की लहर है.

